खाली प्लॉटों में जमा पानी दे रहा बीमारियों को आमंत्रण

संबंधित विभाग कार्यवाही के नाम पर नोटिस जारी करने तक सीमित

शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से निकलकर आ रही जमा पानी की समस्या

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

जिले में मानसून की सक्रियता बढ़ने के साथ ही शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के खाली प्लॉट संक्रामक बीमारियों के बड़े खतरे के रूप में सामने आने लगे हैं। बारिश का पानी इन प्लॉटों में कई दिनों तक जमा रहने से मच्छरों का प्रजनन तेजी से हो रहा है। ऐसे हालात में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। शहरवासियों ने संबंधित विभाग और ग्रामीणों ने ग्राम पंचायतों से मांग की है कि खाली प्लॉटों में जलभराव रोकने के लिए अभियान चलाया जाए तथा लापरवाही बरतने वाले प्लॉट मालिकों पर सख्त कार्रवाई की जाए जिससे इस समस्या से लोगों को निजात मिल सके। लोगों का मानना है कि संबंधित विभाग शहर में कार्यवाही के नाम पर नोटिसों को जारी करने में ही अपनी भलाई समझता है।

शहर की कई मोहल्लों गलियों और कॉलोनियों और गांवों में खाली पड़े प्लॉटों में बारिश का पानी भरने के साथ झाड़ियां और गंदगी भी जमा हो गई है। लंबे समय तक पानी भरा रहने से यह स्थान मच्छरों के प्रजनन केंद्र बन रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी संबंधित विभागों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती, जिससे आसपास रहने वाले परिवारों को संक्रामक बीमारी का हरदम खतरा बना रहता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर साफ और रुके हुए पानी में पनपता है। यदि घरों और खाली प्लॉटों में पानी जमा होने दिया जाए तो संक्रमण तेजी से फैल सकता है। ऐसे में सिर्फ सरकारी प्रयास ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि आम नागरिकों की भागीदारी भी जरूरी है।

नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका परिषद, नगर परिषद और ग्राम पंचायतों को ऐसे खाली पड़े प्लॉटों की पहचान कर नोटिस जारी करने चाहिए। निर्धारित समय में सफाई और जल निकासी नहीं कराने वाले प्लॉट मालिकों पर जुर्माने की कार्रवाई होनी चाहिए। इससे लोग अपनी जिम्मेदारी समझेंगे और जलभराव की समस्या भी कम होगी। शहर की इन्द्रपुरी कॉलोनी, भटनागर कॉलोनी, चित्रांश कॉलोनी, कमानी दरवाजा, बदक चौराहे के पास, नंदीश्वर कॉलोनी, मऊ नाका, एकता कॉलोनी, सुभाषपुरम कॉलोनी सहित अनेक स्थान ऐसे हैं जहां खाली पड़े प्लॉटों में बारिश का पानी जमा हो चुका है यह पानी आने वाले दिनों में लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर सकता है नागरिकों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से इस ओर ध्यान देकर आगामी उक्त गंभीर समस्या से छुटकारा दिलाने की मांग की है।

स्वास्थ्य विभाग ने दी सलाह

बारिश के मौसम में जिला स्वास्थ्य विभाग भी लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रहा है। घरों की छतों, कूलर, पुराने टायर, गमलों में पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। सप्ताह में एक बार पानी की टंकियां और कूलर खाली कर साफ करना चाहिए। बुखार आने पर तुरंत डॉक्टर से जांच करानी चाहिए, ताकि डेंगू या अन्य संक्रामक रोग का उपचार शुरू हो सके। विशेषज्ञों का मानना है जागरूकता ही संक्रामक बीमारियों पर नियंत्रण का सबसे प्रभावी माध्यम है। यदि हर नागरिक अपने घर और आसपास सफाई रखे तथा जल भराव न होने दे तो बीमारियां दूर रहेगी।

अज्ञात चोर ने मंदिर की दान पेटी चुराई

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

शहर के झांसी मार्ग चकरा स्थित मां ज्ञानेश्वरी देवी मंदिर में शनिवार देर रात चोरी की वारदात घटित होने का मामला सामने आया है। जहां से अज्ञात चोर मंदिर से दान पेटी उठाकर ले गए। रविवार सुबह पुजारी पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो दान पेटी गायब मिली। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज में एक आरोपी दान पेटी ले जाते हुए दिखाई दिया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, शनिवार रात करीब 11 बजे मंदिर बंद किया गया था। रोज की तरह रविवार सुबह करीब 6 बजे पुजारी मंदिर पहुंचे तो मंदिर का मुख्य गेट खोलने पर उन्हें दान पेटी अपनी जगह से गायब मिली, जिसके बाद आसपास के लोगों को सूचना दी गई।

घटना के बाद मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में देर रात करीब 1 बजे एक युवक दान पेटी उठाकर ले जाता हुआ साफ दिखाई दे रहा है। पुलिस अब इसी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान और तलाश में जुटी है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि मंदिर की दान पेटी करीब चार महीने से नहीं खोली गई थी। उसमें कितनी राशि थी, इसका अभी कोई अनुमान नहीं लगाया जा सका है। पुलिस दान पेटी में रखी राशि और चोरी से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा और आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।

लापरवाह तीन शासकीय शिक्षकों पर वेतन रोकने की कार्यवाही

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़ । तीन शिक्षकों पर अलग अलग प्रकरणों में अनुशासनहीनता और लापरवाही के मामलों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने विभागीय जांच पूर्ण होने पर कार्रवाई करते हुए वेतन वृद्धि रोकने का आदेश जारी किया है।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के आदेशानुसार विभागीय जांच पूर्ण होने के उपरांत माध्यमिक शिक्षक सुरेश कुमार चौरसिया को वर्ष 2025 में शासकीय कन्या हाईस्कूल चंदेरा में पदस्थापना के दौरान अतिथि शिक्षकों से धनराशि लेने तथा उन्हें प्रताड़ित किए जाने के आरोपों के आधार पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया था। इसके उपरांत आरोप-पत्र जारी कर मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम, 1966 के अंतर्गत नियमित विभागीय जांच कराई गई।

विभागीय जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन एवं अभिलेखों के परीक्षण में यह पाया गया कि श्री चौरसिया द्वारा की गई अनियमितताओं के कारण अतिथि शिक्षक के पद से संबंधित प्रक्रियाओं में बाधा उत्पन्न हुई। साथ ही, अतिथि शिक्षकों की अनुपस्थिति के बावजूद उनसे धनराशि लेकर वेतन भुगतान किए जाने के आरोप भी प्रमाणित पाए गए।प्रकरण में दोष सिद्ध होने पर सक्षम प्राधिकारी ने सुरेश कुमार चौरसिया को निलंबन से बहाल करते हुए पुनः शासकीय कन्या हाईस्कूल चंदेरा में पदस्थ किया गया है। इसीक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला, बरेठी संकुल केन्द्र शाबाउमावि लिधौरा के प्राथमिक शिक्षक सुखलाल सौर को शासन और प्रशासन के प्रति अभद्र भाषा का उपयोग करने के आरोपों पर निलंबित किया गया था। कलेक्टर के निर्देशन में हुई इस कार्यवाही के बाद से जिले के शासकीय कर्मचारियों में हड़कंप के स्थिति बनी हुई है।

विधिक जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ओरछा, ग्राम मुंदरई एवं ग्राम छारद्वारी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सुनीता गोयल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ एवं अनुज कुमार चंसौरिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा उक्त कार्यकमों छात्र-छात्राओं, महिलाओं एवं जन सामान्य को पॉक्सो एक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि यौन अपराधों की जानकारी दी गई।

नाबालिग का शव मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस

नवभारत न्यूज

खरगापुर। थाना खरगापुर क्षेत्र की देरी चौकी अंतर्गत ग्राम भानपुरा में एक नाबालिग का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों ने मामले में हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है

ग्राम पंचायत भानपुरा के बंधियन मोहल्ले का है, जहां 16 से 17 वर्षीय एक नाबालिग का शव खेत में संदिग्ध अवस्था में मिला। मृतक के गले में सफेद रंग की तौलिया का फंदा लगा हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि मृतक के दादा ने देरी चौकी पहुंचकर घटना की सूचना पुलिस को दी। परिजनों ने नाबालिग की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। सूचना पर देरी चौकी प्रभारी संदीप सोनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगापुर भेजा गया।

आज होगी टीएल की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी।

बिजली की आवाजाही से परेशान लोग

नवभारत न्यूज

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

नगर में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही अनियमित बिजली कटौती से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बिजली बार-बार गुल हो जाती है और कुछ देर बाद आती है, फिर दोबारा चली जाती है। इस वजह से लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो रही है। इन दिनों उमस भरी गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल है। बिजली की आवाजाही से घरों में पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण ठीक से नहीं चल पा रहे हैं। बिजली कटौती से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही अनियमित बिजली कटौती से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली बार-बार गुल हो जाती है और कुछ देर बाद आती है, फिर दोबारा चली जाती है। इस वजह से लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो रही है। बिजली की आवाजाही से घरों में पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण ठीक से नहीं चल पा रहे हैं। कटौती से आमजन परेशान दिखाई दे रहा है।

उर्वरक का नहीं होगा अनाधिकृत उपयोग

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

उर्वरको की अवैध विक्रय अनाधिकृत भंडारण, कालाबाजारी तथा नकली, मिलावटी उर्वको के निर्माण की संभावना अनुदानित उर्वरकों यूरिया आदि का अनाधिकृत औद्योगिक उपयोग की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए, इन अवैध गतिविधियों की रोकथाम एंव नियंत्रण हेतु सूचना दाता प्रोत्साहन योजना लागू गई है।

अब प्रशासन खाद को लेकर सख्त दिखाई दे रहा है। जिसके लिए सभी तैयारियों हो चुकी है।

अंग्रेजी पाठ्यक्रम से कोचिंग व्यवस्था

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जिले में संचालित शासकीय अनुसूचित जाति उत्कृष्ट एवं महाविद्यालयीन छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण कोचिंग उपलब्ध कराने हेतु योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

कार्यालय आयुक्त अनुसूचित जाति विकास, भोपाल के निर्देशानुसार जिले के उत्कृष्ट बालक एवं कन्या छात्रावास टीकमगढ़, बल्देवगढ़, पलेरा एवं जतारा में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को फि जिक्स, केमेस्ट्री, बायोलॉजी, गणित, अंग्रेजी एवं कम्प्यूटर विषयों की कोचिंग प्रदान की जाएगी। वहीं शासकीय अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन बालक छात्रावास टीकमगढ़ तथा महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास टीकमगढ़, पलेरा एवं जतारा में निवासरत बीए, बीएससी, एमए एवं एमएससी के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी पाठ्यक्रम की कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी।

मोहनगढ़ के कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

नवभारत न्यूज

मोहनगढ़।

कॉलेज में असामाजिक तत्वों द्वारा कॉलेज भवन में तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। बदमाशों ने महाविद्यालय की कई खिड़कियों के कांच और दरवाजों को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद महाविद्यालय प्रशासन में हड़कंप मच गया और परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होने लगे।

जानकारी के अनुसार घटना का पता उस समय चला जब महाविद्यालय मोहनगढ़ का स्टाफ नियमित कार्य के लिए परिसर पहुंचा। निरीक्षण के दौरान भवन की कई खिड़कियां टूटी हुई मिलीं तथा कुछ दरवाजों को भी नुकसान पहुंचाया गया था। घटना की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दी गई।

बरसात को लेकर मत्स्य शिकार पर प्रतिबंध

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मध्यप्रदेश राज्य में मध्य प्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु के रूप में घोषित किया गया है।

मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनिमय एवं परिवहन करना भी प्रतिबंधित है एवं संज्ञेय दण्डनीय अपराध है। इस नियम का उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5 हजार अथवा दोनों से दण्डित किया जाएगा।

आपदा से बचाव के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़।

मुख्यालय होमगार्ड्स नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार टीकमगढ़ जिले में 7 दिवसीय सिविल डिफेंस वालेंटियर्स प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जा रहा है।

इसीक्रम में सिविल डिफेंस क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण सत्र के पांचवे दिवस जिला सेनानी बीपी नामदेव एवं पीसी अमित दुबे द्वारा सिलेबस के अनुसार आपदा के विषयों को पढ़ाया गया। साथ ही सभी सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को सीपीआर का प्रशिक्षण करवाया गया एवं भगदड़ से बचने के उपाय गए तथा भूकंप से बचने की सभी सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को मॉक ड्रिल कराई गयी। मुख्यालय होमगार्ड्स नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार टीकमगढ़ जिले में 7 दिवसीय सिविल डिफेंस वालेंटियर्स प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अभी जारी रहेगा ।

समय पर लोगों को मिले खाद्यान्न

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस के अंतर्गत संचालित उचित मूल्य राशन दुकानों का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पूरी मात्रा में खाद्यान्न पहुंचाना है। इसके लिए सरकार ने राशन दुकान संचालकों के लिए कई स्पष्ट नियम बनाए हैं।

राशन दुकान पर संचालक को दुकान के बाहर दुकान का नाम, संचालक का नाम, खुलने और बंद होने का समय, उपलब्ध राशन का स्टॉक, प्रति यूनिट मिलने वाली सामग्री, मूल्य सूची तथा शिकायत हेल्पलाइन संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए।संचालक को प्रत्येक पात्र हितग्राही को निर्धारित मात्रा में राशन देना होगा। बिना कारण राशन देने से मना करना, कम तौल देना, निर्धारित मूल्य से अधिक राशि लेना, राशन की कालाबाजारी करना या किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर राशन निकालना नियमों का उल्लंघन माना जाता है। राशन वितरण के दौरान इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट ऑफ सेल मशीन का उपयोग किया जाना चाहिए और हितग्राही को लेन-देन की रसीद उपलब्ध कराए।

कीटनाशक दवा छिड़काव की मांग

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।



मौसम | पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष कम बारिश की संभावना

बारिश की धीमी रफ्तार ने बढ़ाई किसानों की मुश्किलें

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़।

जिले में वर्षा की रफ्तार धीमी चल रही है जिसमें जुलाई माह के 10 से अधिक दिन बीत जाने के बाद भी बारिश की रफ्तार नहीं बढ़ी हैं जिससे लोगों सहित किसानों को मानसून को लेकर चिंता सता रही है। जिन किसानों ने फसलों की बोवनी कर ली है उन्हें डर है कि अगर अच्छी बारिश नहीं हुई तो उन्हें काफी नुकसान हो सकता है क्योंकि पिछले वर्ष अतिवर्षा के कारण किसानों को काफी नुकसान हुआ था। अगर इस वर्ष अच्छी बारिश नहीं हुई तो किसान कहीं का नहीं रहेगा ।

दरअसल इस बार रूकरूक कर बारिश हो रही है पिछले सप्ताह बुधवार से बारिश थम चुकी है मौसम विभाग की माने तो पिछले सप्ताह बुधवार को सुबह से शाम 5 बजे तक वर्षा दर्ज की गई थी। जिसमें बुधवार तक जिले में औसतन 1.4 इंच बारिश हुई। इसके साथ ही, जिले में अब तक कुल 5.2 इंच औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो पिछले साल इसी अवधि तक हुई बारिश से 19.7 इंच कम है।

भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले सप्ताह टीकमगढ़ तहसील में 40 मिलीमीटर डेढ़ इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई। बड़ागांव में आधा इंच, बल्देवगढ़ में डेढ़ इंच, जतारा में डेढ़ इंच, मोहनगढ़ में 1 इंच, पलेरा में डेढ़ इंच और लिधौरा में आधा इंच वर्षा दर्ज की गई है। जबकि खरगापुर तहसील में सर्वाधिक 3 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में जिले में अच्छी बारिश होने की संभावना है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार जेठ के दो महीने होने के कारण बारिश की शुरुआत देर से हुई है। उन्होंने अनुमान जताया कि इस बार सितंबर महीने तक बारिश जारी रह सकती है।

पिछले सप्ताह हुई अच्छी बारिश से खरीफ फसलों की बुवाई का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है, जिससे किसानों को राहत मिली है।

नदी नालों का जल स्तर फिलहाल सामान्य

कम बारिश के कारण जिले में नदी-नालों का जलस्तर फिलहाल सामान्य बना हुआ है। 1 जून से 8 जुलाई तक की अवधि में पलेरा तहसील में सर्वाधिक 179 मिलीमीटर (7 इंच) बारिश दर्ज की गई है। टीकमगढ़ तहसील में 156 मिलीमीटर (6 इंच) वर्षा हुई, जबकि लिधौरा तहसील में सबसे कम 60 मिलीमीटर (2 इंच से अधिक) बारिश रिकॉर्ड की गई है।

फायलेरिया बीमारी को रोकने प्रशासन सख्त

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। टीकमगढ़ ब्लॉक के 20 ग्राम और 10 शहरी वार्डों में एवं ब्लोक बल्देवगढ़ के 27 ग्राम एवं 3 शहरी वार्डों में राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत इम्पेक्ट आईडीए सर्वे के दौरान जून माह में जहां नवीन फायलेरिया प्रकरण जांच में सामने आए है। वहां दवा सेवन गतिविधि लक्षित की गई है जिससे कि फायलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

जिले में ब्लॉक बल्देवगढ़ और ब्लॉक टीकमगढ दोनों इम्पेक्ट आईडीए सर्व अर्थात राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत तीसरा चरण उत्तीर्ण कर चुके है लेकिन अभी भी दो और चरण शेष है इन्हें भी ये ब्लॉक सफलता पूर्वक उत्तीर्ण कर सकें इस उद्देश्य से चिन्हित साइट में फोकल एमडीए उपागम अपनाया जा रहा है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टीकमगढ़ डॉ. ओपी अनुरागी के मार्गदर्शन में जिले के सभी ब्लॉक फायलेरिया उन्मूलन की दिशा में क्रमशः आगे बढ़ रहे है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2030 को राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन वर्ष लक्षित किया गया है, इस दिशा में जिले में भी सघन प्रयास जारी है।